1600
~~1561~~(E)
27/02/26

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 26.02.26 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, अररिया के अन्तर्गत Widening and Strengthening of Forbesganj Railway Station Chowk to Panchmukhi Mandir Pokhar via Bada Shivalay, Training School Chowk Road from Ch:- 0+000 to Ch:-1+200 (Total Length-1.20 Km.) for the year 2025-26 कार्य की पुनर्निविदा के वित्तीय बीड पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iii) श्री उमाशंकर प्रसाद, मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा एवं इस पर विभागीय ज्ञापांक–516(ई०) दिनांक–21.01.2026 द्वारा संसूचित विभागीय निविदा समिति का निर्णय तदनुसार मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–215(अनु०) दिनांक–03.02.2026 के माध्यम से प्राप्त वित्तीय बीड की अनुशंसा एवं संलग्न जाँच–पत्र के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening and Strengthening of Forbesganj Railway Station Chowk to Panchmukhi Mandir Pokhar via Bada Shivalay, Training School Chowk Road from Ch:- 0+000 to Ch:-1+200 (Total Length-1.20 Km.) for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, अररिया। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹661.14 लाख। विभागीय ज्ञापांक–7587(s) दिनांक–29.08.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹572.71 लाख। मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–1295(अनु०) दिनांक–17.09.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹547.40032 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 03 (Three) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 10.12.2025 |
| 2.10 | प्राप्त निविदा की संख्या | : | 01 (एक) अदद यथाः– (i) M/s Kamac Engineers Pvt. Ltd. |
| 2.11 | विभागीय निविदा समिति द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन का प्रसंग | : | प्र0–7 / निविदा–03–248 / 2025–516(ई०) दिनांक–21.01.2026 |

2.12 परिवाद की स्थिति : परिवाद प्राप्त नहीं है।

2.13 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण : पुनर्निविदा है। प्रथम बार आमंत्रित निविदा में दिनांक 15.09.2025 को शून्य निविदा प्राप्त हुई थी, जिसे कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, अररिया द्वारा ज्ञापांक–1702 दिनांक–04.10.2025 से रद्द करते हुए पुनर्निविदा आमंत्रित की गयी।

3. मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग का अनुशंसा (पत्रांक–215(अनु०) दिनांक–03.02.2026):–

विषयांकित कार्य के पुनर्निविदा के तकनीकी बीड पर दिनांक–23.12.2025 को सम्पन्न बैठक में उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा एकल निविदाकार M/s Kamac Engineers Pvt. Ltd. को सफल घोषित करते हुए विभागीय अधिसूचना संख्या–3162(S) दिनांक–09.05.2016 एवं बिहार लोक निर्माण संहिता की कंडिका–163 के आलोक में विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुमोदन हेतु अनुशंसा के साथ उपभागीय पत्रांक–1710 दिनांक–23.12.2025 से विभाग को समर्पित की गयी। तत्पश्चात् विभागीय निविदा समिति द्वारा दिनांक–21.01.2026 को सम्पन्न बैठक में विषयाधीन कार्य के एकल निविदाकार M/s Kamac Engineers Pvt. Ltd. को तकनीकी बीड में सफल घोषित की गयी। विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा लिये गये निर्णय, जो विभागीय ज्ञापांक–516(E) दिनांक–21.01.2026 द्वारा संसूचित है, पर निर्धारित समय सीमा के अंदर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने के उपरान्त् तकनीकी बीड में सफल एकल निविदाकार का वित्तीय बीड कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, अररिया द्वारा खोला गया है। तत्पश्चात् प्रासंगिक पत्र द्वारा विषयांकित कार्य के पुनर्निविदा का वित्तीय बीड का तुलनात्मक विवरणी प्राप्त हुआ है। तकनीकी बीड में सफल एकल निविदाकार का वित्तीय बीड में निविदित राशि निम्नवत् है:–

| क्र० सं० | निविदाकार का नाम | अनुमोदित परिमाण विपत्र की राशि (Rs.) | उद्धृत दर (%) | उद्धृत दर पर राशि (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | M/s Kamac Engineers Pvt. Ltd. | ₹5,47,40,032.00<br>(पाँच करोड़ सैंतालीस लाख चालीस हजार बत्तीस रुपये) | परिमाण विपत्र की राशि से 2.72% (दो दशमलव सात दो प्रतिशत) कम दर पर। | ₹5,32,51,103.13<br>(पाँच करोड़ बत्तीस लाख इक्यावन हजार एक सौ तीन रुपये तेरह पैसे) |

उपर्युक्त विवरणीनुसार तकनीकी बीड में सफल एकल निविदाकार M/s Kamac Engineers Pvt. Ltd. का वित्तीय बीड में निविदित दर है, जो परिमाण विपत्र की राशि से 2.72% (दो दशमलव सात दो प्रतिशत) कम दर है। निविदित दर के अनुसार विषयाधीन कार्य की निविदित राशि ₹5,32,51,103.00 (पाँच करोड़ बत्तीस लाख इक्यावन हजार एक सौ तीन रुपये) मात्र होती है।

उक्त के आलोक में पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल एवं वित्तीय बीड के निविदाकार M/s Kamac Engineers Pvt. Ltd. के पक्ष में पुनर्निविदा निष्पादन की अनुशंसा के साथ वित्तीय बीड की तुलनात्मक विवरणी एवं जाँच–पत्र संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित की जा रही है।

4. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः

4.1 मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–215(अनु०) दिनांक–03.02.2026 के माध्यम से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा पथ प्रमंडल, अररिया के अन्तर्गत **Widening and Strengthening of Forbesganj Railway Station Chowk to Panchmukhi Mandir Pokhar via Bada Shivalay, Training School Chowk Road from Ch:- 0+000 to Ch:-1+200 (Total Length-1.20 Km.) for the year 2025-26** कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल एकल निविदाकार **M/s Kamac Engineers Pvt. Ltd.**को उनके उद्धृत दर जो परिमाण विपत्र की राशि से **2.72%** (दो दशमलव सात दो) प्रतिशत कम यानि ₹5,32,51,103.00 (पाँच करोड़ बत्तीस लाख इक्यावन हजार एक सौ तीन रुपये) मात्र, पर निविदा की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

**4.2 यदि उक्त संवेदक पथ निर्माण विभाग में निबंधित नहीं है, तो बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के अधीन उनके निबंधित होने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाए।**

**4.3 एकरारनामा करने के पूर्व अग्रधन की राशि का सत्यापन संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा कराना सुनिश्चित किया जाय।**

**4.4 निविदाकार से SBD के सुसंगत कडिकाओं के आलोक में निर्गत विभागीय पत्रांक–447(S) दिनांक–16.01.2020 में निहित प्रावधान के अन्तर्गत आवश्यक अतिरिक्त Performance Security प्राप्त करने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाय।**

**4.5 राशि की अंकगणितीय जाँच मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा अपने स्तर से कर लिया जायेगा।**

**4.6 एकरारनामा होने के उपरान्त इसकी सूचना विभाग को भी उपलब्ध करायी जाय।**

**4.7 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को e-proc website पर प्रदर्शित करने के अलावे विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 26/02/26 | | 26/2/26 | |
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक<br>वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमाशंकर प्रसाद)<br>मुख्य अभियंता,<br>सीमाचंल उपभाग,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–248/2025 ~~1561~~ 1600 (E) पटना, दिनांक - 27/02/26

**प्रतिलिपिः–** मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, पूर्णियाँ/कार्यपालक अभियंता, अररिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

26/2/26
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।